विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमाँक / गोपनीय / 2024 / 757   दिनांक : 12/01/2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबंधित महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन ।

विषयः– ***स्नातकोत्तर स्तर की सेमेस्टर प्रणाली की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा, दिसंबर–जनवरी, 2023–24 की प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न कराने के संबंध में ।***

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचनार्थ है कि स्नातकोत्तर स्तर की सेमेस्टर प्रणाली प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षाऐं जनवरी, 2024 से आयोजित की जा है । महाविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर स्तर की प्रायोगिक / प्रोजेक्ट परीक्षाऐं संपन्न करा ली जाये एवं प्राप्तांकों को प्रायोगिक परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् एम.पी. ऑनलाईन पर विधिवत् अंकित कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें । अंकों की ऑन लाईन प्रविष्टि आवश्यक है । **अंकों को ऑन लाईन प्रेषित करने हेतु लिंक सैद्धांतिक परीक्षा समाप्ति के 10 दिवस तक ओपन रहेगी । अन्य प्रकार से प्राप्त अंकों पर विचार नहीं किया जायेगा ।**

नोटः– (1) ऑन लाईन अंकों की प्रविष्टि समय पर नहीं करने पर प्रति छात्र रूपये 500/– का जुर्माना भरने पर ही उनका परिणाम घोषित किया जायेगा ।

(2) विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों से ही परीक्षा संपन्न करायी जाये । आपको तीन नामों का पेनल परीक्षकों का भेजा जा रहा है जिसमें से आप क्रमानुसार प्रथम परीक्षक को परीक्षा संपन्न करने के लिये बुलवाये, अगर परीक्षक अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं तो पेनल से दूसरे क्रम के परीक्षक को बुलवाये एवं परीक्षक का अस्वीकृति पत्र विश्वविद्यालय को भेजे ।

(3) विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षकों के नाम भेजे जा रहे हैं अगर किसी कक्षा के परीक्षक का नाम आपको प्राप्त नहीं है तो कृपया गोपनीय विभाग से नाम प्राप्त कर परीक्षा संपन्न करवाये ।

(4) अगर छात्र सीसीई / प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित है तो NA के स्थान पर ABS अंकित करें ।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

क्रमाँक / गोपनीय / 2024 / 758   दिनांक– 12/01/2024

प्रतिलिपि–

1. कुलपति एवं कुलसचिवजी के निजी सहायक की ओर सूचनार्थ ।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. ऑनलाईन प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर प्रायोगिक परीक्षा के अंक प्रविष्ठी हेतु लिंक ओपन करने हेतु सुचनार्थ प्रेषित ।
4. कम्प्युटर संटर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त सूचना को वि0वि0 की बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अनुभाग अधिकारी (गोपनीय)

Scanned with CamScanner